Series ψYZXW

Set-4

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **135**

रोल नं.
Roll No. [ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ]

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# बहीखाता एवं लेखांकन के तत्त्व (वाणिज्य)

# ELEMENTS OF BOOK-KEEPING AND ACCOUNTANCY (Commerce)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **23** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न है ।*

*(ii)* *प्रश्न **1 – 18** तक प्रत्येक **एक** अंक का है ।*

*(iii)* *प्रश्न **19 – 22** तक प्रत्येक **तीन** अंक का है ।*

*(iv)* *प्रश्न **23 – 26** तक प्रत्येक **चार** अंक का है ।*

*(v)* *प्रश्न **27 – 30** तक प्रत्येक **छः** अंक का है ।*

1. निम्नलिखित में से कौन एक पूँजीगत प्राप्ति है ? **1**

   (a) किराया प्राप्ति

   (b) सेवा की बिक्री

   (c) व्यवसाय द्वारा प्राप्त ऋण

   (d) वेतन प्राप्त किया

   **अथवा**

   निम्नलिखित में से कौन सा राजस्व व्यय है ? **1**

   (a) सफेदी खर्च

   (b) व्यापार चिह्न का क्रय

   (c) प्रबंधक कार्यालय में एयर कंडीशन पर किया गया खर्च

   (d) साख खरीदना

2. पूँजीगत प्राप्तियाँ और राजस्व प्राप्तियाँ **1**

   (a) अलग-अलग हैं ।

   (b) अलग-अलग नहीं हैं ।

   (c) अलग हो भी सकती हैं और अलग नहीं भी हो सकती ।

   (d) अलग नहीं करना चाहिए ।

## General Instructions :

*(i)* *This question paper contains **30** questions.*

*(ii)* *Question **1** to **18** are of **one** mark each.*

*(iii)* *Question **19** to **22** are of **three** marks each.*

*(iv)* *Question **23** to **26** are of **four** marks each.*

*(v)* *Question **27** to **30** are of **six** marks each.*

1. Which of the following is a Capital Receipt ? 1

   (a) Rent received

   (b) Sale of services

   (c) Loan received by the business

   (d) Salary received

**OR**

Which of the following is Revenue Expenditure ? **1**

   (a) White wash expenses

   (b) Trade marks purchased

   (c) Expenses incurred to get the manager's office air-conditioned

   (d) Goodwill purchased

2. Capital Receipts and Revenue Receipts **1**

   (a) are different

   (b) are not different

   (c) may or may not be distinguished

   (d) must not be distinguished

3. 1 अक्टूबर, 2021 को एक मशीनरी ₹ 8,00,000 में खरीदी गई । मूल्यह्रास को 10% की वार्षिक दर से सीधी रेखा विधि से मूल्यह्रास लगाया गया । 31 मार्च, 2022 को मशीनरी का पुस्तक मूल्य क्या होगा ? **1**

(a) ₹ 7,60,000 (b) ₹ 7,20,000

(c) ₹ 7,00,000 (d) ₹ 8,00,000

**अथवा**

1 अप्रैल, 2020 को एक फर्म ने ₹ 5,00,000 का फर्नीचर खरीदा । मूल्यह्रास को अवलेखित मूल्य पद्धति द्वारा 5% प्रति वर्ष की दर से लगाया गया । 31 मार्च, 2022 को फर्नीचर का पुस्तक मूल्य क्या होगा ? **1**

(a) ₹ 4,57,250 (b) ₹ 4,51,250

(c) ₹ 4,50,000 (d) ₹ 4,51,000

4. 1 अप्रैल, 2019 को बी लिमिटेड ने एक मशीन ₹ 8,00,000 में खरीदी । निश्चित किस्त प्रणाली द्वारा 10% प्रति वर्ष की दर से मूल्यह्रास प्रभारित किया गया । उसी दिन राम लिमिटेड ने भी उतनी ही राशि की मशीनरी खरीदी और मूल्यह्रास 10% प्रति वर्ष घटती हुई किस्त प्रणाली के आधार पर प्रभारित किया गया । 31 मार्च, 2021 को निम्न में से कौन सा सही होगा ? **1**

(a) दोनों फर्मों की मशीनरी का मूल्य समान होगा ।

(b) राम लिमिटेड की मशीनरी का पुस्तक मूल्य बी लिमिटेड से ₹ 8,000 अधिक होगा ।

(c) बी लिमिटेड की मशीनरी का पुस्तक मूल्य राम लिमिटेड से ₹ 8,000 अधिक होगा ।

(d) बी लिमिटेड की मशीनरी का पुस्तक मूल्य राम लिमिटेड से ₹ 10,000 कम होगा ।

5 वर्ष के अंत में मूल्यह्रास खाता बंद कर दिया जाता है इसके शेष को विशिष्ट खाते में स्थानांतरण द्वारा । निम्नलिखित में से उस खाते का नाम बताये : **1**

(a) अचल संपत्ति खाता (b) सामान्य संचय खाता

(c) लाभ–हानि खाता (d) पूँजी खाता

**अथवा**

3. A machinery was purchased for ₹ 8,00,000 on 1st October, 2021. Depreciation was to be charged @ 10% p.a. by straight line method. What will be the book value of machinery on 31st March, 2022 ? **1**

(a) ₹ 7,60,000 (b) ₹ 7,20,000

(c) ₹ 7,00,000 (d) ₹ 8,00,000

**OR**

A firm purchased furniture of ₹ 5,00,000 on 1st April, 2020. Depreciation was to be charged @ 5% p.a. by 'Written Down Value Method'. What will be the book value of machinery on 31st March, 2022 ? **1**

(a) ₹ 4,57,250 (b) ₹ 4,51,250

(c) ₹ 4,50,000 (d) ₹ 4,51,000

4. On 1st April, 2019 B Ltd. purchased machinery of ₹ 8,00,000. Depreciation was to be charged @ 10% p.a. by Fixed Installment System. On the same day, Ram Ltd. also purchased machinery of the same amount and charged depreciation @ 10% p.a. by Reducing Installment System. On 31st March, 2021 which of the following statement holds true ? **1**

(a) Book value of machinery of both the firms will be same.

(b) Book value of machinery of Ram Ltd. will be ₹ 8,000 more than B Ltd.

(c) Book value of machinery in B Ltd. will be ₹ 8,000 more than Ram Ltd.

(d) Book value of machinery in B Ltd. will be ₹ 10,000 less than Ram Ltd.

5. Depreciation Account is closed at the end of the year by transferring its balance to the specific account. Which of the following is a name of this Account ? **1**

(a) Fixed Asset Account (b) General Reserve Account

(c) Profit and Loss Account (d) Capital Account

**OR**

**अभिकथन (A)** : अवलेखित मूल्य पद्धति के तहत मूल्यह्रास की राशि हर साल घटती जाती है।

**कारण (R)** : अवलेखित मूल्य पद्धति में संपत्ति का बही मूल्य कभी भी शून्य नहीं होगा। **1**

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।

(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

6. बैंक समाधान विवरण _______ तैयार किया जाता है। **1**

(a) चैक के माध्यम से किए गए भुगतान को जानने के लिए

(b) बैंक पास बुक में त्रुटि जानने के लिए

(c) रोकड़ बही शेष की बैंक पासबुक शेष से तुलना करने और अंतर का पता लगाने के लिए

(d) पास बुक शेष ज्ञात करने के लिए

**अथवा**

बैंक समाधान विवरण है : **1**

(a) द्वि–अंकन प्रणाली का एक भाग

(b) द्वि–अंकन प्रणाली का एक भाग नहीं

(c) एकल अंकन प्रणाली का एक भाग

(d) रोकड़ बही के रोकड़ शेष का एक भाग

7. **कथन-I** : जब पासबुक के अनुसार अधिविकर्ष शेष के साथ बैंक समाधान विवरण तैयार किया जाता है तो प्राप्त शेष राशि केवल बैंक पासबुक के अनुसार शेष होगी।

**कथन-II** : खाता धारक द्वारा बैंक समाधान विवरण तैयार किया जाता है। **1**

(a) दोनों कथन असत्य हैं।

(b) दोनों कथन सत्य हैं।

(c) केवल कथन-I सत्य है।

(d) केवल कथन-II सत्य है।

**Assertion (A) :** Under written down value method, the amount of depreciation decrease every year.

**Reason (R) :** In written down value method, the book value of asset will never become zero. **1**

(a) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is correct but (R) is incorrect.

(d) (A) is incorrect but (R) is correct.

6. Bank Reconciliation Statement is prepared ________. **1**

(a) to know the payment made through cheques.

(b) to know the errors in the Bank Pass Book.

(c) to compare the cash book balance with Bank Pass Book balance and ascertain the difference.

(d) to balance Pass book.

**OR**

Bank Reconciliation statement is : **1**

(a) a part of Double Entry System

(b) not a part of Double Entry System

(c) a part of Single Entry System

(d) a part of cash balances of the Cash Book

7. **Statement-I :** When Bank Reconciliation Statement is prepared with overdraft Balance as per Pass Book, the Balance derived will be only Balance as per Bank Pass Book.

**Statement-II :** Bank Reconciliation statement is prepared by Account holder. **1**

(a) Both the Statements are False.

(b) Both the Statements are True.

(c) Only Statement-I is true.

(d) Only Statement-II is true.

8. एक व्यवसाय अपने बैंक विवरण प्राप्त करता है जो समापन शेष ₹ 8,500 अधिक आहरित हैं। यह पाया गया कि ₹ 2,000 के चैक प्रस्तुत नहीं हुए और ₹ 1,500 के चैक क्रेडिट नहीं हुए। अत: रोकड़ बही के अनुसार अधिविकर्ष होगा : **1**

(a) ₹ 5,000 (b) ₹ 8,000

(c) ₹ 9,000 (d) ₹ 12,000

9. रोकड़ बही ₹ 1,000 अधिक आहरण के रूप में दिखाती है। बैंक विवरण प्राप्त होने पर यह पाया गया कि देनदारों में से एक ने खाते में ₹ 400 जमा किए हैं और खाते से ₹ 20 बैंक शुल्क डेबिट किए गए थे। बैंक विवरण शेष होगा : **1**

(a) ₹ 1,420 (नाम) (b) ₹ 620 (नाम)

(c) ₹ 4,300 (जमा) (d) ₹ 1,700 (नाम)

10. **अभिकथन (A)** : विनिमय पत्र बिना शर्त होना चाहिए। **1**

**कारण (R)** : विनिमय पत्र द्वारा उस तिथि को निर्दिष्ट करना चाहिए जिस तक राशि का भुगतान किया जाना चाहिए।

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) सही है, किन्तु (R) सही नहीं है।

(d) (A) सही नहीं है, किन्तु (R) सही है।

11. विनिमय पत्र उधार खरीद की सुविधा देता है। विनिमय पत्र में होते हैं : **1**

(a) 2 पक्ष (b) 3 पक्ष

(c) 4 पक्ष (d) 7 पक्ष

8. A business receives its bank statement showing the closing balance as ₹ 8,500 overdrawn. It is found that there were unpresented cheques of ₹ 2,000 and uncredited deposits of ₹ 1,500. Overdraft as per cash book will be : **1**

(a) ₹ 5,000 (b) ₹ 8,000

(c) ₹ 9,000 (d) ₹ 12,000

9. Cash Book shows ₹ 1,000 as overdrawn. When bank statement is received, it was identified that one of debtors has deposited ₹ 400 into the account and bank charges of ₹ 20 had been debited to the account. Bank Statement balance is **1**

(a) ₹ 1,420 (Dr) (b) ₹ 620 (Dr)

(c) ₹ 4,300 (Cr) (d) ₹ 1,700 (Dr)

10. **Assertion (A) :** A bill of exchange must be unconditional. **1**

**Reason (R) :** A bill of exchange must specify the date by which the amount should be paid.

(a) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of A.

(b) Both (A) and (R) correct but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is correct but (R) is incorrect.

(d) (A) is incorrect but (R) is correct.

11. A bill of exchange facilitates credit purchase. A bill of exchange has : **1**

(a) two parties (b) three parties

(c) four parties (d) seven parties

12. 1 जनवरी, 2022 को ईशु ने 4 महीने के लिए ₹ 10,000 का बिल राम पर जारी किया, बिल परिपक्वता तिथि कौन सी होगी ? 1

(a) 3 मई, 2022 (b) 4 मई, 2022

(c) 5 मई, 2022 (d) 10 मई, 2022

**अथवा**

1 अप्रैल, 2021 को राम ने मोहन को ₹ 50,000 का माल बेचा । उसी तारीख को मोहन ने राम द्वारा जारी किए गए बिल को 3 महीने के लिए ₹ 50,000 की रकम के लिए स्वीकार कर लिया । नियत तारीख पर बिल का भुगतान कर दिया गया । उपरोक्त स्थिति में बिल का लेखीवाल कौन है ? 1

(a) राम (b) मोहन

(c) बैंक (d) सरकार

13. पुरानी कार की बिक्री पर होने वाली हानि को किस खाते डेबिट किया जाता है ? 1

(a) लाभ-हानि खाता (b) कार खाता

(c) मूल्यह्रास खाता (d) व्यापार खाता

**अथवा**

व्यापार खाता तैयार करते समय विक्रय वापसी को ________ में से घटाया जाता है । 1

(a) खरीद (b) बिक्री

(c) खरीद वापसी (d) सकल लाभ

14. एक फर्म का सकल लाभ ₹ 4,00,000 था । किराया प्राप्त हुआ ₹ 60,000 और मरम्मत खर्च ₹ 50,000 था । अंतिम परिणाम होगा : 1

(a) शुद्ध लाभ ₹ 2,80,000 (b) शुद्ध लाभ ₹ 4,10,000

(c) शुद्ध लाभ ₹ 5,10,000 (d) शुद्ध लाभ ₹ 1,00,000

**अथवा**

फर्म का सकल लाभ ₹ 4,00,000 था । निम्न में से कौन सा शुद्ध लाभ की मात्रा को कम करेगा – 1

(a) प्राप्त किराया (b) मूल्यह्रास

(c) प्राप्त ब्याज (d) प्राप्त छूट

12. On 1st January, 2022, Ishu issued a bill of ₹ 10,000 on Ram for 4 months. What will be the maturity date of bill ? **1**

(a) 3rd May, 2022 (b) 4th May, 2022

(c) 5th May, 2022 (d) 10th May, 2022

**OR**

On 1st April, 2021, Ram sold goods to Mohan for ₹ 50,000. On the same date Mohan accepted a bill drawn upon him by Ram at 3 months for ₹ 50,000 on the due date, the bill was met. Who is the Drawer of the bill in the above situation ? **1**

(a) Ram (b) Mohan

(c) Bank (d) Government

13. Loss on sale of an old car is debited to **1**

(a) Profit & Loss Account (b) Car Account

(c) Depreciation Account (d) Trading Account

**OR**

While preparing the 'Trading Account' return Inward is deducted from **1**

(a) Purchases (b) Sales

(c) Return outward (d) Gross profit

14. Gross Profit of a firm was ₹ 4,00,000, rent received was ₹ 60,000 and, repair expenses were ₹ 50,000. The final result will be : **1**

(a) Net profit ₹ 2,80,000 (b) Net profit ₹ 4,10,000

(c) Net profit ₹ 5,10,000 (d) Net profit ₹ 1,00,000

**OR**

Gross Profit of a firm was ₹ 4,00,000. Which of the following will reduce the amount of Net Profit ? **1**

(a) Rent received (b) Depreciation

(c) Interest received (d) Discount received

15. कौन सा विवरण व्यवसाय की वित्तीय स्थिति को दर्शाता है ? **1**

(a) व्यापार खाता (b) लाभ–हानि खाता

(c) तुलन–पत्र (d) तलपट

16. निम्नलिखित में से किसे स्थिति विवरण में नहीं दर्शाया जाता है ? **1**

(a) आरंभिक स्टॉक (b) अंतिम स्टॉक

(c) पेटेंट (d) देनदार

17. **कथन-I :** 'अपूर्ण अभिलेखों' की स्थिति में स्वामी द्वारा लाभ–हानि का विवरण तैयार नहीं किया जाता है ।

**कथन-II :** एकल अंकन प्रणाली एक अधूरी द्वि अंकन प्रणाली है, जो परिस्थितियों के साथ बदलती रहती है । **1**

(a) दोनों कथन गलत हैं । (b) दोनों कथन सही हैं ।

(c) केवल कथन-I सही है । (d) केवल कथन-II सही है ।

18. जब 'मामलों का विवरण' तैयार किया गया तब संपत्तियों का कुल योग ₹ 6,00,000 था, ऋण ₹ 1,00,000 था, यहाँ शेष राशि 5,00,000 _________ के रूप में जानी जाएगी । **1**

(a) हानि (b) लाभ

(c) पूँजी (d) लेनदार

**अथवा**

अधूरे रिकार्ड से इसे तैयार करना संभव है **1**

(a) बही खाता (b) तलपट

(c) मामलों का विवरण (d) लाभ–हानि खाता

15. Which statement shows financial position of the business ? **1**

(a) Trading Account
(b) Profit and Loss Account
(c) Balance Sheet
(d) Trial Balance

16. Which of the following is not shown in Balance Sheet ? **1**

(a) Opening Stock
(b) Closing Stock
(c) Patents
(d) Debtors

17. **Statement-I :** Statement of Profit and Loss is not prepared by owner in case of 'Incomplete Record'.

**Statement-II :** Single entry system is an incomplete double entry system varying with circumstances. **1**

(a) Both the statements are false.
(b) Both the statements are true.
(c) Only Statement-I is true
(d) Only statement-II is true

18. While preparing 'Statement of Affairs' total of assets side was ₹ 6,00,000, Loan ₹ 1,00,000. Here the balancing figure of 5,00,000 will be known as _________. **1**

(a) Loss
(b) Profit
(c) Capital
(d) Creditor

**OR**

From incomplete records, it is possible to prepare **1**

(a) Ledger Accounts
(b) Trial Balance
(c) Statement of Affairs
(d) Profit and Loss Account

19. मीरा ने ₹ 5,00,000 की पूँजी से व्यवसाय शुरू किया । उसने ₹ 75,000 का फर्नीचर तथा ₹ 1,75,000 की दुकान खरीदी । वर्ष 2021-22 के दौरान उसने ₹ 50,000 का वेतन दिया । उसने अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए विज्ञापन पर भी ₹ 30,000 खर्च किये जो कि एक से अधिक वित्तीय वर्ष के लिए व्यवसाय को लाभ प्रदान करने वाला माना जाता है । **3**

उपरोक्त जानकारी के आधार पर निम्नलिखित की गणना कीजिए :

(a) कुल आयगत व्यय

(b) कुल पूँजीगत व्यय

(c) कुल आस्थगित आयगत व्यय

20. पूँजीगत व्यय और राजस्व व्यय के बीच किन्हीं तीन अंतरों का उल्लेख कीजिए । **3**

21. 'सीधी रेखा पद्धति' के अनुसार मूल्यह्रास लगाने के किन्हीं तीन लाभों का उल्लेख कीजिए । **3**

22. (a) 10 मार्च, 2022 को, क ने ख को ₹ 20,000 का माल बेचा और क ने ख पर 3 महीने का बिल बनाया जिसे ख ने तुरंत स्वीकार करके क को वापस कर दिया । नियत तारीख पर बिल का भुगतान किया गया । उपरोक्त लेनदेनों की क की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **3**

**अथवा**

(b) 20 अप्रैल, 2022 को राजेश ने सुनील से ₹ 25,000 का माल खरीदा और तभी 2 महीने का बिल स्वीकार किया । नियत तिथि पर बिल का भुगतान कर दिया गया । उपरोक्त लेन-देनों के लिए राजेश की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **3**

23. (a) 31 मार्च, 2022 को नमन की रोकड़ बही ₹ 7,800 का बैंक शेष दिखाती है । रोकड़ बही की पासबुक से तुलना करने पर निम्नलिखित विसंगतियाँ पाई गईं : **4**

(i) ₹ 3,000 का चेक बैंक में जमा हुआ लेकिन क्रेडिट नहीं हुआ ।

(ii) ₹ 1,500 का चेक जारी किया गया लेकिन अभी तक भुगतान के लिए प्रस्तुत नहीं किया गया ।

(iii) ₹ 2,000 के बीमा प्रीमियम का भुगतान बैंक द्वारा किया गया ।

बैंक समाधान विवरण तैयार कीजिए ।

**अथवा**

19. Meera started business with capital of ₹ 5,00,000. She purchased furniture of ₹ 75,000 and shop for ₹ 1,75,000, During the year 2021-22 she paid salaries of ₹ 50,000. She also spent ₹ 30,000 on advertisement for launching her business which is assumed to provide benefit to the business for more than one financial year. **3**

On the basis of above information, calculate the following :

(a) Total Revenue Expenditure

(b) Total Capital Expenditure

(c) Total Deferred Revenue Expenditure

20. State any three points of difference between Capital Expenditure and Revenue Expenditure. **3**

21. State any three merits of 'Straight Line Method' of charging depreciation. **3**

22. (a) On 10th March, 2022, A sold goods to B for ₹ 20,000. A drew on B a bill at 3 months for ₹ 20,000 which B accepted immediately and returned it to A. The bill was met on the due date. Give necessary journal entries for the above transactions in the books of A. **3**

**OR**

(b) On 20th April, 2022 Rajesh purchased goods from Sunil of ₹ 25,000 and accepted a bill for two months. The bill was met on due date. Pass necessary journal entries for the above transactions in the book of Rajesh. **3**

23. (a) On 31st March 2022, Cash Book of Naman showed a bank balance of ₹ 7,800. On comparing the Cash book with Pass Book the following discrepancies were noted : **4**

(i) Cheque deposited in bank but not credited ₹ 3,000.

(ii) Cheque issued but not yet presented for payment ₹ 1,500.

(iii) Insurance premium paid by the bank ₹ 2,000.

Prepare bank Reconciliation statement.

**OR**

(b) 31.1.2022 को भारती का बैंक समाधान विवरण तैयार कीजिए। 31.1.2022 को पासबुक के अनुसार शेष राशि ₹ 62,500 थी। **4**

(i) रहीम को ₹ 4,000 का चेक जारी किया जिसे नकद कॉलम में लिया गया।

(ii) बैंक में ₹ 15,000 का चेक भुगतान किया गया था लेकिन इसकी प्रविष्टि रोकड़ बही में नहीं की गई।

(iii) बैंक ने कमीशन के रूप में ₹ 55 लिए और ₹ 50 का ब्याज दिया।

24. 1 जुलाई, 2022 को ₹ 30,000 के लिए प्रकाश ने मोहन से 3 महीने के लिए स्वीकृति प्राप्त की। प्रकाश ने इस स्वीकृति को 10% प्रति वर्ष की दर के बट्टे पर अपने बैंक से भुनाया। नियत तिथि पर मोहन ने आवश्यक राशि का भुगतान किया। उपरोक्त लेनदेनों के लिए प्रकाश और मोहन की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। **4**

25. व्यापार खाता और लाभ–हानि खाता के बीच कोई चार अंतर दीजिए। **4**

26. मयंक अपने व्यवसाय का उचित रिकॉर्ड नहीं रखता है, वह आपको निम्नलिखित जानकारी देता है : **4**

प्रारंभिक पूँजी ₹ 1,00,000, अंतिम पूँजी ₹ 1,25,000, वर्ष के दौरान आहरण ₹ 30,000, वर्ष के दौरान अतिरिक्त पूँजी लगाई गई ₹ 37,500, वर्ष के लिए लाभ तथा हानि की गणना कीजिए।

27. 1 जनवरी, 2018 को एक कंपनी ने ₹ 96,000 में पुरानी मशीन खरीदी और इसके स्थापन पर ₹ 24,000 खर्च किये। मूल्यह्रास दर 10% है। 3 साल के लिए मशीनरी खाता तैयार कीजिए। खाते 31 दिसंबर को बंद किए जाते हैं, मूल्यह्रास सीधी रेखा विधि के आधार पर लगाया गया। **6**

(b) Prepare a Bank Reconciliation statement of Bharti as on 31.1.2022. Balance as per Pass book as on 31.1.2022 was ₹ 62,500. **4**

(i) A cheque of ₹ 4,000 issued to Rahim, was taken in the cash column.

(ii) A cheque of ₹ 15,000 was paid into bank but was omitted to be entered in the Cash Book.

(iii) The bank has charged ₹ 55 as its commission and has allowed interest ₹ 50.

24. Prakash received from Mohan an acceptance for ₹ 30,000 on 1st July, 2022 at 3 month. Prakash got this acceptance discounted @ 10% p.a. from his bank. On the due date Mohan paid the required amount. Give the necessary Journal Entries for the above transactions in the books of Prakash and Mohan. **4**

25. Give four points of distinction between Trading Account and Profit and Loss Account. **4**

26. Mayank does not keep proper records of his business. He gives you the following information : **4**

Opening Capital ₹ 1,00,000, Closing Capital ₹ 1,25,000, Drawings made during the year ₹ 30,000, Additional Capital introduced during the year ₹ 37,500.

Calculate profit and loss for the year.

27. On 1st January, 2018, a company purchased a second-hand machinery for ₹ 96,000 and spent ₹ 24,000 on its erection. Prepare the Machinery Account for three years. The rate of depreciation is 10%. The accounts are closed on 31st December. Depreciation was charged on the basis of 'Straight Line Method'. **6**

28. सुधीर दवा का कारोबार चला रहा है तथा उसका एच.डी.एफ.सी. की दिल्ली शाखा बैंक में खाता है । उसका मुनीम रमेश एक महीने की छुट्टी पर चला गया और जब वह वापस आया तो उसने पाया की 31 अगस्त, 2022 को रोकड़ बही बैंक शेष पासबुक शेष से नहीं मिल रहा । रमेश ने निम्नलिखित बिंदुओं का पता लगाया जिसके कारण दोनों पुस्तकों के शेष नहीं मिल रहे हैं : **6**

(i) ₹ 500 का चैक बैंक में जमा किया गया, किन्तु रोकड़ बही में कोई प्रविष्टि नहीं की गई ।

(ii) ₹ 1,200 का चैक प्राप्त कर रोकड़ बही में प्रविष्टि की किन्तु बैंक में चैक नहीं भेजा गया ।

(iii) रोकड़ बही के बैंक कॉलम का क्रेडिट पक्ष का योग ₹ 200 कम किया गया ।

(iv) स्थायी सलाह के तहत बैंक द्वारा सीधे बीमा प्रीमियम ₹ 600 का भुगतान किया गया ।

(v) बैंक शुल्क ₹ 20 को रोकड़ बही में दो बार दर्ज किया गया ।

उपरोक्त काल्पनिक केस स्टडी से निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए :

(a) रोकड़ बही और पासबुक शेष के अंतर के बारे में कारण जानने हेतु रमेश द्वारा तैयार किए जाने वाले विवरण का नाम दीजिए ।

(b) यदि विवरण तैयार करने के लिए शुरुआती शेष रोकड़ बही का है तो आप मद (i) को कैसे हल करेंगे ?

(c) यदि विवरण तैयार करने के लिए शुरुआती शेष बैंक पासबुक का है तो आप मद (ii) को कैसे हल करेंगे ?

28. Sudhir was running the business of medicine and was having bank account with HDFC, Delhi branch. His accountant Ramesh went on leave for a month and when he came back he found that cash book balance was not tallying with pass book balance as on 31st August, 2022. Ramesh found out the following points due to which balances of both the books did not tally : **6**

(i) Cheque deposited into the Bank, but no entry was passed in the Cash Book ₹ 500.

(ii) Cheque received and entered in the Cash Book but not sent to Bank ₹ 1,200.

(iii) Credit side of the Cash Book bank column was cast short by ₹ 200.

(iv) Insurance Premium paid directly by the bank under the standing advice ₹ 600.

(v) Bank charges ₹ 20 were entered twice in the Cash Book.

From the above hypothetical case study, answer the following questions :

(a) Name the statement to be prepared by Ramesh for finding out the reasons of the above difference between Cash Book and Pass Book balances.

(b) If balance as per Cash Book is starting balance for preparing the statement then how will you treat item (i) ?

(c) If balance as per bank Pass Book is starting balance for preparing the statement then how will you treat item (ii) ?

(d) यदि विवरण तैयार करने के लिए शुरुआती शेष रोकड़ बही का है तो आप मद (iii) को कैसे हल करेंगे ?

(e) यदि विवरण तैयार करने के लिए शुरुआती शेष बैंक पासबुक का है तो आप मद (iv) को कैसे हल करेंगे ?

(f) यदि विवरण तैयार करने के लिए शुरुआती शेष रोकड़ बही शेष है तो आप मद (v) को कैसे हल करेंगे ?

29. (a) 31-3-2020 से 31-3-2021 तक का रामाजी का स्थिति–विवरण निम्नलिखित है । वह अपूर्ण प्रणाली में अपने खाते तैयार करता है । उसने 2020-2021 के दौरान ₹ 10,000 अतिरिक्त पूँजी के रूप में निवेश किया और अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए ₹ 3,000 प्रति माह का आहरण किया । 31 मार्च, 2021 को वर्ष की समाप्ति पर उसका लाभ ज्ञात कीजिए । **6**

| **विवरण** | **31-3-20 (₹)** | **31-3-21 (₹)** |
|---|---|---|
| नकद | 1,000 | 900 |
| विविध देनदार | 39,000 | 45,000 |
| भंडार (स्टॉक) | 34,000 | 32,000 |
| संयंत्र व मशीन | 60,000 | 80,000 |
| विविध लेनदार | 15,000 | 14,900 |
| देय बिल | – | 50,000 |

**अथवा**

(b) एकल प्रविष्टि प्रणाली के लाभों का वर्णन कीजिए । **6**

(d) If balance as per Cash Book is starting balance for preparing the statement then how will you treat item (iii) ?

(e) If balance as per bank Pass Book is starting balance for preparing the statement then how will you treat item (iv) ?

(f) If balance as per Cash Book is staring balance for preparing the statement then how will you treat item (v) ?

29. (a) Following is the position statement of Ramaji as on 31-3-2020 and 31.3.2021. He maintains incomplete accounts. During 2020-2021, he introduced ₹ 10,000 as additional capital. He withdrew ₹ 3,000 every month for his personal use. Ascertain his profit for the year ended 31st March, 2021. **6**

| **Particular** | **31-3-20 (₹)** | **31-3-21 (₹)** |
|---|---|---|
| Cash | 1,000 | 900 |
| Sundry Debtors | 39,000 | 45,000 |
| Stock | 34,000 | 32,000 |
| Plant and Machinery | 60,000 | 80,000 |
| Sundry Creditors | 15,000 | 14,900 |
| Bills Payable | – | 50,000 |

**OR**

(b) Describe the advantages of single entry system. **6**

30. निम्नलिखित तलपट से 31-3-2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए व्यापार तथा लाभ–हानि खाता तैयार कीजिए : **6**

| विवरण | राशि (₹) | विवरण | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| **नाम शेष :** | | **जमा शेष :** | |
| देनदार | 15,000 | पूँजी | 2,50,000 |
| प्रारंभिक स्टॉक | 50,000 | ब्याज | 6,000 |
| भूमि और भवन | 1,00,000 | विविध लेनदार | 70,000 |
| रोकड़ | 16,000 | बिक्री | 1,70,000 |
| मजदूरी | 30,000 | देय बिल | 40,000 |
| वेतन | 20,000 | | |
| आहरण (ड्राईंग) | 20,000 | | |
| खरीद | 1,00,000 | | |
| कार्यालय खर्च | 25,000 | | |
| प्राप्य बिल | 20,000 | | |
| ब्याज | 2,000 | | |
| डूबत ऋण | 5,000 | | |
| मरम्मत | 1,15,000 | | |
| मूल्यह्रास | 10,000 | | |
| किराया | 8,000 | | |
| | **5,36,000** | | **5,36,000** |

अन्तिम स्टॉक का मूल्यांकन ₹ 1,00,000 किया गया ।

30. From the following Trial Balance, prepare Trading and Profit and Loss Accounts for the year ended 31-3-2021 : **6**

| **Particulars** | **Amount (₹)** | **Particulars** | **Amount (₹)** |
|---|---|---|---|
| **Debt Balance :** | | **Credit Balance :** | |
| Sundry Debtors | 15,000 | Capital | 2,50,000 |
| Opening Stock | 50,000 | Interest | 6,000 |
| Land and Building | 1,00,000 | Sundry Creditors | 70,000 |
| Cash in hand | 16,000 | Sales | 1,70,000 |
| Wages | 30,000 | Bill payable | 40,000 |
| Salaries | 20,000 | | |
| Drawings | 20,000 | | |
| Purchase | 1,00,000 | | |
| Office expenses | 25,000 | | |
| Bills receivable | 20,000 | | |
| Interest | 2,000 | | |
| Bad debts | 5,000 | | |
| Repairs | 1,15,000 | | |
| Depreciation | 10,000 | | |
| Rent | 8,000 | | |
| | **5,36,000** | | **5,36,000** |

The closing stock was valued at ₹ 1,00,000.